महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार)
वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन–456006 (म.प्र.)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan
(Ministry of HRD, Govt. of India)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)

पत्र सं. 17-3/2019(शै.)/मसारावेविप्र/ दिनांक 14-08-2020

अधिसूचना –929

विषय :- सत्र 2020-21 वेदभूषण (प्रथम वर्ष) एवं वेदविभूषण (प्रथम वर्ष) में प्रवेश हेतु निर्देश।

1. प्रतिष्ठान से सम्बद्ध समस्त वेद पाठशालाओं एवं गुरुशिष्य परम्परा इकाइयों को सूचित किया जाता है कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने Covid-19 के कारण अध्ययन हेतु विद्यालयों को खोलने के आदेश जारी नहीं किए हैं लेकिन ऑनलाईन के माध्यम से कुछ समय अध्ययन कराया जा सकता है। इस दृष्टि से वेद के नियमित अध्ययन को ध्यान में रखकर यह निर्देश दिया जाता है कि वेदभूषण द्वितीय से पञ्चम वर्ष तक तथा वेदविभूषण प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के जो छात्र नियमित अध्ययन जारी रखते हैं उनके माता-पिता से सम्पर्क कर ऑनलाईन अध्ययन जारी रखें।
2. सत्र 2020-21 में समस्त वेद पाठशालाएँ एवं गुरुशिष्य परम्परा इकाई में वेद अध्ययन हेतु वेदभूषण प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्रों के पूर्ण विवरण सहित, उनके समस्त प्रमाण-पत्र (1) कक्षा 5वीं उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र/समकक्षता अध्ययन प्रमाण-पत्र (2) आधार कार्ड प्रति (3) संयुक्त बैंक खाता प्रति एवं (5) नवीनतम फोटो तैयार रखें। छात्रों को Online Admission Portal के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश हेतु पोर्टल के खुलने की प्रतीक्षा करें।
3. सत्र 2020-21 में समस्त वेद पाठशालाओं एवं गुरुशिष्य परम्परा इकाइयों में वेदविभूषण प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले इच्छुक छात्रों को भी Online Admission Portal के माध्यम से प्रवेश फार्म भरना अनिवार्य है।
4. प्रतिष्ठान परिसर में स्थापित राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय में भी वेदविभूषण प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए Online Amission प्रपत्र भर सकते हैं।
5. समस्त वेद पाठशालाओं एवं गुरुशिष्य परम्परा इकाइयों को यह भी सूच्य है कि Online Admission के माध्यम से वेदभूषण प्रथम वर्ष एवं वेदविभूषण प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्रों के प्रवेश स्वीकृति एवं गृह मंत्रालय द्वारा विद्यालय आदि खोलने की अनुमति के उपरान्त छात्रों के शारीरिक रूप से आपकी वेद पाठशाला/इकाई में अध्ययन में उपस्थित होने पर ही उनकी रख-रखाव छात्रवृत्ति जारी की जाएगी।

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव 14/8/2020

दूरभाष (0734)2502266, 2502254, 2502255 फैक्स (0734-2502253)
E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website : www.msrvvp.ac.in